BULANDSHAHR POLICE

"जनपद में गौकशी जैसे अपराधों में संलिप्त रहे अभियुक्तों का किया गया भौतिक सत्यापन"

दिनांक 21 नवम्बर, 2023

जनपद में गौकशी करने वालों के विरूद्ध चैकिंग अभियान चलाया जा रहा हैं। अभियान के अंतर्गत गौकशी जैसे अपराधो में नामजद/प्रकाश में आयें अपराधियों की सक्रियता पर सतर्क दृष्टि बनाये रखने हेतु आज दिनांक 21.11.2023 को समस्त क्षेत्राधिकारियों के निकट पर्यवेक्षण में प्रत्येक थाने से अधिक से अधिक टीमें बनाकर गौकशी के अपराधों में संलिप्त रहे अभियुक्तों के मकानों पर दबिश देकर तथा उनको थाने पर बुलाकर भौतिक सत्यापन किया गया तथा सभी गोकशों को किसी प्रकार के अपराध न करने की सख्त हिदायत दी गई। सभी को यह भी हिदायत दी गयी कि अगर किसी की गौकशीं जैसे संगीन अपराधों में संलिप्ता पायी जाती हैं तो उसके विरुद्ध गुण्डा, गैंगस्टर, हिस्ट्रशीट खोलने एवं गैंग पंजीकरण आदि प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। साथ ही अपराधियों के परिवार वालो एवं आसपास के लोगो को भी हिदायत दी गयी कि यदि कोई भी अपराधी अवांछनीय गतिविधि में संलिप्त होता हैं तो इसकी सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दें जिससे अपराधी के विरुद्ध तत्काल वैधानिक कार्यवाही करते हुए अपराधों पर अंकुश लगाया जा सकें।

मीडिया सैल, बुलंदशहर